एक नजर में

विशेष सेवाओं के लिए तीन संग्राहकों का सम्मान

इंदौर. इंदौर फिलेटेलिक सोसायटी एवं इंदौर न्यू मिस्मेटिक सोसायटी की संयुक्त मासिक सभा गणितज्ञ डॉ. प्रगति जैन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई जिसमें न्यू मिस्मेटिक क्षेत्र में विशेष सेवाओं के लिए गिरीश शर्मा आदित्य, मेजर डॉ. महेश कुमार गुप्ता एवं विराज भार्गव का सम्मान किया गया. इस अवसर पर इंदौर फिलेटेलिक सोसायटी एवं इंदौर न्यूमिस्मेटिक सोसायटी के वर्ष 2026 के लिए कार्यकारिणी के चुनाव भी संपन्न हुए. मुख्य अतिथि डॉ. प्रगति जैन ने इंडफिल ई मैगज़ीन एवं न्यू मिस्मेटिक कॉइन क्रानिकल ई मैगज़ीन के फरवरी अंकों का लोकार्पण भी किया गया. पत्रिका के संपादक इजी. चिराग त्रिवेदी ने पत्रिका की जानकारी दी. अध्यक्ष रवीन्द्र नारायण पहलवान ने सदस्यों को रोटेरियन निशा पहलवान स्मृति के अंतर्गत क्वीन विक्टोरिया के 6 पोस्टकार्ड भी उपहार स्वरुप भेंट किए. इस अवसर पर सुरेन्द्र मुल्ये, मुकेश पाटीदार एवं राजेंद्र अग्रवाल तथा राजेश शाह ने भी सदस्यों को उपहार भेंट किए. बैठक में गिरीश शर्मा आदित्य एवं विराज भार्गव ने फरवरी माह में 13 से 15 फरवरी तक आयोजित किए जा रहे मनी मेला 2026 के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रदर्शनी में दुर्लभ सिक्कों, बैंक नोट्स, डाक टिकिटों के साथ ही प्राचीन वस्तुओं का भी प्रदर्शन मुख्य आकर्षण रहेगा.

लोकतंत्र सेनानी संघ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

इंदौर. म.प्र. लोकतंत्र सेनानी संघ की प्रदेश कार्य समिति की बैठक सोमवार को भोपाल स्थित वनवासी कल्याण परिषद कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष तपन भौमिक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. बैठक में निर्णय लिया गया कि 21 मार्च को लाकतंत्र विजय दिवस पर दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय सम्मलेन में राज्य के 150 लोकतंत्र सेनानी शामिल होंगे। अन्य मुद्दों पर भी विचार मंथन हुआ. बैठक से लौटकर प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश शर्मा आदित्य ने बताया कि बैठक में दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों को ताम्र पत्र देने में हो रहे विलम्ब, दिल्ली में 21 मार्च को लोकतंत्र विजय दिवस पर होने वाले राष्ट्रीय सम्मलेन एवं अन्य मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया. निर्णय लिया गया कि दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रदेश के 150 लोकतंत्र सेनानी विभिन्न जिलों से पहुंचेंगे. इन जिलों की संख्या भी बैठक में तय की गई. कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा ने आय-व्यय की जानकारी प्राप्त की. बैठक को प्रदेशाध्यक्ष तपन भौमिक, पूर्व मंत्री रामकृष्ण कुसुमार्या, महामंत्री सुरेन्द्र द्विवेदी, उपाध्यक्ष गिरीश शर्मा एवं कृष्ण वीर सिंह ठाकुर तथा महेंद्र नाहर, इंदौर जिलाध्यक्ष गणेश अग्रवाल, नरोत्तम माहेश्वरी, अलकेश शर्मा, उज्जैन जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सांखला, विदिशा के ताम्रकार एवं प्रहरी संघ के प्रदेश संयोजक नरेन्द्र अग्रवाल सहित अनेक व्यक्ताओं ने संबोधित किया. अंत में दिवंगत सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई. आभार प्रदर्शन जगदीश अग्रवाल ने किया.

देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दी

इंदौर. विद्यासागर स्कूल परिसर में 77 वाँ गणतन्त्र दिवस समारोह मुख्य अतिथि एसबी प्रसाद, मुख्य कमिश्नर (सेवा निवृत) आयकर विभाग के आतिथ्य में संपन्न हुआ. मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय के मेंटर सत्यनारायण पटेल द्वारा तुलसी पौधा भेंट कर किया गया. सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण किया. तत्पश्चात राष्ट्रगान की मधुर ध्वनि से विद्यालय परिसर गूंज उठ. गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने देश भक्ति से ओतप्रोत कविता, भाषण, गीत, देश भक्ति पर आधारित नृत्य आदि के माध्यम से देश भक्ति की भावनाए प्रकट की. इस अवसर पर जुम्बा और स्केटिंग के फ्यूजन की विशेष प्रस्तुति के साथ ही अटारी वाघा बार्डर ड्रिल का भी देशभक्ति से ओतप्रोत प्रदर्शन भी किया गया. मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य है, नैतिक मूल्य, चरित्र तथा शिक्षा उनका व्यक्तित्व निर्माण करते हैं 7 भारत में विभिन्न सन्स्करुतीयो का संगम है जिसे विद्यार्थियों को सम्मान करना चाहिए 7 शहीदों और देश के संविधान का भी सम्मान करे. इस अवसर पर सत्र 2025-2026 के अंतरसदन (गाँधी, साराभाई, टैगोर, विवेकानंद) को विभिन्न मापदंड़ो पर पुरस्कृत किया गया. स्कूल प्राचार्या भावना पुजारी ने गणतन्त्र के सही अर्थ और उसकी महत्ता को बताया. सत्यनारायण पटेल- अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के राष्ट्रीय सचिव ने गणतन्त्र दिवस शुभकामनाएं दी.

प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई रचनात्मकता

इंदौर. निपानिया स्थित एडवांस्ड एकेडमी ने नर्सरी से कक्षा 2 तक के छात्रों के लिए अपनी वार्षिक विषय-आधारित प्रदर्शनी, परिक्रमा 2026 (लेवल 1) का आयोजन किया. प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व प्राचार्य एवं लेखिका प्रो. रंजना सहगल ने किया. प्रदर्शनी ने कक्षाओं को सृजनात्मकता और जिज्ञासा के जीवंत स्थानों में बदलकर अभिभावकों को उनके बच्चों के सीखने की यात्रा की एक आनंदमय झलक प्रस्तुत की. छात्रों ने आत्मविश्वास से अलग-अलग मॉडल्स, चार्ट्स, चलित मॉडल्स और रोल प्ले प्रस्तुत करते हुए संकल्पनाओं को स्पष्टता और उत्साह के साथ समझाया. नर्सरी कक्षा के छात्रों ने जानवरों और संतुलित - स्वस्थ भोजन की आदतों पर आधारित विषयों के साथ आगंतुकों को प्रभावित किया, जबकि केजी1 के विद्यार्थियों ने एकता और देश के सम्मान को बढ़ावा देने वाले भारत के राष्ट्रीय प्रतीकों को पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शित किया। केजी 2 के छात्रों ने जल संरक्षण, भारतीय राज्यों, पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी और परिवहन के तरीकों का बहुत ही रोचक अंदाज में बताया. कक्षा 1 के छात्रों ने मानव शरीर के आंतरिक अंगों, युवा वैज्ञानिक मॉडल, अस्पतालों, पेड़-पौधों और अपशिष्ट प्रबंधन सहित विज्ञान और पर्यावरण संबंधी आकर्षक परियोजनाएँ प्रस्तुत कीं. कक्षा 2 के बच्चों ने स्मार्ट परिवहन, डिजिटल इंडिया, नवीनकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य कुशलता विकास और भारत की तकनीकी प्रगति जैसे भविष्यवादी विषयों पर अनूठे अंदाज़ में प्रकाश डाला. प्रदर्शनी का समापन संस्थापक अनिल राय, एकेडमिक निदेशिका डॉ. सविता राय, निदेशिका श्रीमती टिम्सी राय, और प्रिंसिपल उषा किरण तोमर के उद्बोधन के साथ हुआ.

कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा लोक गायन प्रस्तुति कार्यक्रम



इंदौर. भारतीय लोक संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा एक भव्य लोक गायन प्रस्तुति कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष सांस्कृतिक संध्या में देश के प्रतिष्ठित लोक कलाकार पद्मश्री से सम्मानित कालूराम बामनिया अपनी सशक्त और आत्मीय लोक गायन प्रस्तुति से श्रोताओं को लोक संस्कृति की जड़ों से जोड़ेंगे. यह कार्यक्रम शुक्रवार, 06 फ़रवरी 2026 को शाम 7 बजे से क्षिप्रा नदी घाट, क्षिप्रा में आयोजित किया जाएगा। प्राकृतिक और आध्यात्मिक वातावरण में होने वाला यह आयोजन लोक संगीत प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा। कलाव्योम फाउंडेशन ने क्षेत्र के सभी कला-प्रेमियों, सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं एवं आमजन से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लोक संस्कृति के उत्सव का साक्षी बनने का आग्रह किया है।

औद्योगिक क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने वाले चार संस्थानों पर कार्रवाई

निगम ने किया 1.90 लाख का जुर्माना

इंदौर. आज नगर निगम द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों के विरुद्ध कार्यवाही की गई. झोन क्रमांक 17 अंतर्गत इंडस्ट्रियल एरिया चार संस्थानों द्वारा गंदा पानी नाले में बहाया जा रहा था. निगम ने कार्रवाई करते हुए चारों संस्थानों पर जुर्माना लगाया और मौके पर ही वसूली की.

आज नगर निगम द्वारा इंडस्ट्रियल इलाके में निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ फैक्ट्रियों एवं प्रतिष्ठानों द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए फैक्ट्री का गंदा एवं प्रदूषित पानी सीधे नाले में बहाया जा रहा है. इससे पर्यावरण प्रदूषण के साथ स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ने की आशंका थी. फैक्ट्रियों द्वारा लापरवाही निगम ने पर स्पॉट फाइन की कार्रवाई की. कार्रवाई में सालासर ट्रेडर्स 20 हजार,नेहा इंडस्ट्री एक लाख ,जश इंजीनियरिंग 50 हजार और जयेश पटेल पर 20 हजार जुर्माना लगाया गया. इस तरह कुल चारों संस्थानों पद निगम ने 1 लाख 90 हजार रुपए स्पॉट फाइन किया.

> **गतिविधियों पर निगरानी रखी जाए**
>
> आयुक्त क्षितिज सिंघल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि औद्योगिक क्षेत्रों में ऐसी गतिविधियों पर निगरानी रखी जाए. भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने पर और अधिक कठोर कार्रवाई करें. कार्रवाई के दौरान क्षेत्रीय झोनल अधिकारी नरेंद्र कुरील एवं विभागीय टीम उपस्थित थे.

चाइनीज मांझा तस्करी समेत आपराधिक गतिविधियों में शामिल अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा

एक जिलाबदर, सात बदमाशों पर थाना हाजिरी

इंदौर. शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आदतन अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कमिश्नर इंदौर ने सख्त प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है. प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के विक्रय व भंडारण में लिप्त एक कुख्यात बदमाश को जिलाबदर करते हुए इंदौर जिले और सीमावर्ती जिलों की सीमा से निष्कासित किया है, जबकि सात अन्य शातिर बदमाशों के खिलाफ निर्बंधन आदेश जारी कर उन्हें नियमित थाना हाजिरी के लिए पाबंद किया है.

एडीपीओ अजय प्रताप बुंदेला ने बताया कि पुलिस अधिकारियों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की गई इस कार्रवाई में सामने आया कि संबंधित बदमाश आदतन अपराधी हैं और उनके खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में गंभीर धाराओं के तहत कई आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं. प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के बावजूद इनके द्वारा लगातार आपराधिक गतिविधियां कर क्षेत्र की लोकशांति भंग की जा रही थी. जांच व विचारण के बाद पुलिस कमिश्नर द्वारा छत्रीपुरा थाना क्षेत्र निवासी 20 वर्षीय कृष्णा पिता धर्मेंद्र उर्फ गोपाल चौहान को छह माह की अवधि के लिए जिलाबदर किया है. वहीं, अन्य सात बदमाशों- मल्हारगंज, छत्रीपुरा, परदेशीपुरा, तुकोगंज और लसुडिया थाना क्षेत्रों के निवासी- के खिलाफ तीन माह से एक वर्ष तक की अवधि के लिए निर्बंधन आदेश जारी किए हैं. इनमें से एक आरोपी पर प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के विक्रय और भंडारण के आरोप भी हैं. निर्बंधन आदेश की शर्तों के तहत सभी आरोपियों को तय समय पर संबंधित थानों में हाजिरी देना अनिवार्य किया है. इसके साथ ही उन्हें किसी भी अवैधानिक गतिविधि में शामिल होने और शहर की लोकशांति भंग करने वाला कोई कार्य न करने के निर्देश दिए गए हैं.

गोसेवा से परिवार में रहती है शांति

इंदौर. अग्रवाल वैश्य कपल संघ एवं मारुति नंदन बालाजी सेवा संस्थान के सदस्यों ने खुड़ैल के पास उज्जैनी गांव में बनी गौशाला में संयुक्त रूप से गौसेवा की.

इस मौके पर संस्था अध्यक्ष तथा समाजसेवी रामबाबू अग्रवाल ने कहा कि सभी तरह की सेवाओं में गौ सेवा सर्वोत्तम है. कहा जाता है कि गाय माता में 4 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है और यदि गाय को प्रसन्न कर लिया जाए तो सभी देवता प्रसन्न हो जाते हैं. गौ सेवा से जहां परिवार में सुख शांति आती है। वहीं मां लक्ष्मी की कृपा भी भरपूर मात्रा में मिलती है. इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में सभी सदस्यों ने ग्रामीण वेशभूषा के साथ ग्रामीण वातावरण का आनंद लिया. महिलाओं ने घट्टी पीसने से लेकर छाछ बनाने तक के ग्रामीण परिवेश के कार्य कर आनंद उठाया. इस कार्यक्रम में लक्ष्मीबाई अग्रवालर उमा अग्रवाल, निशा अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, संगीता नीमा करुणा गुप्ता आदि महिला सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर भागीदारी की. इस अवसर पर गौशाला के संस्थान रामदास गोयल, विनोद भीकनगांव वाले एवं दिनेश गोयल पचोर, राजेश अग्रवाल ने भी संबोधित किया.

उत्कृष्ट पुलिसिंग पर 16 पुलिसकर्मी सम्मानित

इंदौर. बेहतर पुलिसिंग और सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किए गए साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को 16 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया. पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने प्रशस्ति पत्र और नगद पुरस्कार देकर सभी को सम्मानित किया.

पलासिया स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में थाना द्वारकापुरी में दर्ज अपराधों में आरोपियों की गिरफ्तारी और लाखों का माल जब्त करने वाले चार पुलिसकर्मियों सहित 16 अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया. द्वारकापुरी थाना के प्र.आर. नितेश बघेल, कृष्णचंद्र शर्मा, अरुण माथुर और अनुराग सिंह सिकरवार ने चार मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 5.20 लाख रुपए का माल जब्त किया था. वहीं अपराध शाखा की टीम ने बाणगंगा थाना क्षेत्र के एक मामले में तकनीकी सहायता से आरोपी की गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभाई. इसके अलावा पुलिस आयुक्त कार्यालय की टीम को ई-एचआरएमएस पोर्टल पर कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका समय-सीमा में ऑनबोर्ड करने और अन्य जिलों को प्रशिक्षण देने पर सम्मानित किया. यातायात शाखा के पुलिसकर्मियों को चौराहों पर बेहतर यातायात प्रबंधन और नियम तोड़ने वालों पर प्रभावी चालानी कार्रवाई के लिए पुरस्कृत किया. इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आर.के. सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. पुलिस कमिश्नर ने सभी पुरस्कृत पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया.

स्वस्थ जीवनशैली व संतुलित आहार बचा सकता है कैंसर से

विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में संवाद कार्यक्रम का आयोजन

इंदौर. विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन आईओसीआई में किया गया. कार्यक्रम में शहर और आसपास के क्षेत्रों से आए कैंसर विनर्स ने अपनी प्रेरणादायक जीवन यात्राएँ साझा कीं, जिन्होंने यह साबित कर दिया कि सही समय पर इलाज और मजबूत हौसले से कैंसर को मात दी जा सकती है.

विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बताया कि आज कैंसर अब लाइलाज बीमारी नहीं रह गई है. यदि शुरुआती चरण में इसकी पहचान हो जाए और तुरंत इलाज शुरू किया जाए, तो मरीज के पूरी तरह स्वस्थ होने की संभावना काफी अधिक होती है. रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. पियूष शुक्ल, डॉ. आशीष मालवीय एवं डॉ. प्रियांशु त्रिपाठी ने कहा कि आधुनिक रेडिएशन तकनीकों के आने से इलाज अब पहले की तुलना में अधिक सटीक, सुरक्षित और कम दुष्प्रभाव वाला हो गया है. कैंसर सर्जन डॉ. नीलेश जैन एवं डॉ. सनी जैन ने जानकारी दी कि लैप्रोस्कोपिक और रोबोटिक जैसी न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी तकनीकों से अब कैंसर की सर्जरी कम पीड़ादायक, ज्यादा सुरक्षित और प्रभावी हो गई है. मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. हेमेंद्र मिश्रा ने बताया कि आज कीमोथेरेपी के साथ-साथ इम्यूनोथेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी जैसी आधुनिक उपचार विधियाँ उपलब्ध हैं, जो कैंसर नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं. डॉक्टरों ने कैंसर की रोकथाम पर जोर देते हुए कहा कि स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और तंबाकू, धूम्रपान व अल्कोहल जैसे व्यसनों से दूरी बनाकर कई प्रकार के कैंसर से बचा जा सकता है.

ट्रैफिक प्रहरी अभियान में योगदान देने वालों का किया सम्मान

इंदौर. शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहयोग कर रहे ट्रैफिक प्रहरियों और नुक्कड़ नाटक टीम को पुलिस कमिश्नर ने सम्मानित किया. कार्यक्रम में चार ट्रैफिक प्रहरियों के साथ नटराज थियेटर ग्रुप की टीम को शील्ड, प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर प्रोत्साहित किया.

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि ट्रैफिक प्रहरी अभियान के तहत अब तक 2990 जागरूक नागरिक पुलिस के साथ जुड़ चुके हैं और विभिन्न चौराहों पर यातायात व्यवस्था संभालने में सहयोग कर रहे हैं. इस दौरान नए ट्रैफिक प्रहरियों को कैप, जैकेट सहित अन्य सामग्री भी प्रदान की गई. उन्होंने नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि आमजन की सहभागिता से ही शहर में सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था को और मजबूत किया जा सकता है.

सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

इंदौर. द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया. चोर सोने-चांदी के जेवर और नगदी लेकर फरार हो गए. फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के मुताबिक गुमास्ता नगर स्थित एक मकान में अज्ञात बदमाशों ने दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चुरा ले गए. घटना में 66 वर्षीय प्रकाशचंद बाफना निवासी गुमास्ता नगर की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.

खजराना मंदिर दर्शन करने जा रहे युवक पर चाकू से हमला

इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है. अपने बच्चों के साथ भगवान के दर्शन करने जा रहे एक पिता पर रास्ते में एक बदमाश ने जानलेवा हमला कर दिया. आरोपी ने मामूली विवाद के बाद युवक के सीने पर चाकू से वार कर दिया और जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया.

पुलिस के मुताबिक घटना यादव नंद नगर स्थित शांति विद्या निकेतन स्कूल के पास वाली गली की है. फरियादी 35 वर्षीय राजेश पिता रामहित यादव निवासी यादव नंद नगर, अपने बच्चों के साथ खजराना गणेश मंदिर दर्शन के लिए घर से निकले थे. जैसे ही वे स्कूल के पास वाली गली में पहुँचे, वहां मौजूद आरोपी विजयसिंह पिता हरिसिंह परिहार निवासी राधाकृष्ण नगर ने उनका रास्ता रोक लिया. राजेश ने पुलिस को बताया कि आरोपी विजयसिंह ने गाड़ी की किसी पुरानी बात को लेकर अचानक गाली-गलौज शुरू कर दी. जब राजेश ने बच्चों के सामने गालियां देने से मना किया और विरोध जताया, तो आरोपी आपा खो बैठा. उसने जेब से चाकू निकाला और राजेश के सीने पर हमला कर दिया. चाकू लगने से राजेश लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े. शोर सुनकर जब आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे, तो आरोपी उन्हें भी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला.

एक नजर में

एसजीएसआईटीएस इंदौर में आईईईई एपी-एस स्टूडेंट चैप्टर का उद्घाटन एवं तकनीकी व्याख्यान संपन्न

विद्युत चुंबकीय तरंगों की भूमिका को सरल उदाहरणों से समझाया

इंदौर. श्री गोविंदराम सेक्सरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (एसजीएसआईटीएस) में स्पंदन हॉल में आईईईई एंटेना एंड प्रोपेगेशन सोसाइटी स्टूडेंट चैप्टर के उद्घाटन समारोह एवं तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया. यह आयोजन छात्रों एवं शिक्षकों में एंटेना, प्रोपेगेशन और विद्युतचुंबकीय अभियांत्रिकी के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और व्यावसायिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा.

कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन आईआईटी दिल्ली के प्रो. शुबन किशन कौल द्वारा किया गया. प्रो. कौल विद्युतचुंबकत्व एवं एंटेना इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात विशेषज्ञ हैं. प्रो. शुबन किशन कौल ने फ्रचिकित्सा क्षेत्र में विद्युतचुंबकीय तरंगों के अनुप्रयोग विषय पर एक अत्यंत ज्ञानवर्धक तकनीकी व्याख्यान प्रस्तुत किया. उन्होंने मेडिकल इमेजिंग, कैंसर की पहचान एवं उपचार, बायोमेडिकल सेंसर, पहनने योग्य चिकित्सा उपकरणों तथा आधुनिक उपचार तकनीकों में विद्युत चुंबकीय तरंगों की महत्वपूर्ण भूमिका को सरल एवं प्रभावशाली उदाहरणों के माध्यम से समझाया. यह कार्यक्रम प्रो. नितेश पुरोहित के संरक्षण में आयोजित किया गया. प्रो. एस. के. जैन ने फैकल्टी एडवाइजर तथा प्रो. रेखा जैन ने फैकल्टी कोऑर्डिनेटर के रूप में मार्गदर्शन एवं समन्वय की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. कार्यक्रम में प्रो. एम. पी. एस. चावला, आईईईई मध्यप्रदेश सेक्शन कोऑर्डिनेटर, की गरिमामयी उपस्थिति रही.

> **संवादात्मक प्रश्न-उत्तर सत्र भी हुआ**
>
> कार्यक्रम का संचालन इस्माइल हमजा अंसारी, स्टूडेंट चेयर, आईईईई एपी-एसस्टूडेंट चैप्टर, द्वारा किया गया. कार्यक्रम का समापन संवादात्मक प्रश्न-उत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसमें छात्रों एवं शिक्षकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली.

मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड
मुख्यालय, भोपाल
क्रमांक/गु.नि./1083592/2026/452 भोपाल, दिनांक : 03.02.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

कार्पोरेशन द्वारा उपार्जित खाद्यान्न के गुणवत्ता निरीक्षण हेतु Artificial Intelligence based automatic food grain analysers with integrated automatic moisture meter for quality assaying of food grains and other notified commodities के Rental Base पर आपूर्ति, स्थापना, मरम्मत आदि कार्य हेतु एजेंसी नियोजन के लिए

कार्पोरेशन द्वारा समर्थन मूल्य पर प्रदेश में गेंहू, धान एवं अन्य उपजों के गुणवत्ता निरीक्षण हेतु Artificial Intelligence based automatic food grain analysers with integrated automatic moisture meter for quality assaying of food grains and other notified commodities के Rental Base पर आपूर्ति, स्थापना, मरम्मत आदि कार्यों के निष्पादन के लिए एजेंसी की नियुक्ति हेतु पात्र निविदाकारों से ऑनलाइन ई-निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती हैं। इस हेतु पात्र सेवा प्रदाताओं से निर्धारित निविदा दस्तावेज जिसमें निविदा कार्यक्रम (समय-सीमा), निर्देशों, शर्तें, नियमों प्रावधान का विस्तृत उल्लेख है, अनुसार आमंत्रित हैं।
निविदा दस्तावेज, नियम एवं शर्तों आदि का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** एवं **www.mpscsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज एवं निविदा प्रक्रिया ऑनलाइन भरने हेतु संबंधित तकनीकी सहयोग व स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नंबर 0120-4001002, 0120-4001005, 0120-4200462 एवं 0120-6277787 पर संपर्क कर सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/124293/2026 **महाप्रबंधक (गु.नि.)**